इंडियन ग्रे वुल्फ

स्रोत: द हिंदू

कर्नाटक के पहले भेड़िया अभयारण्य, बांकापुर भेड़िया अभयारण्य में एक **इंडियन ग्रे वुल्फ** के आठ शावकों का जन्म हुआ।

- **परिचय:** भारतीय ग्रे वुल्फ (***Canis lupus pallipes***) ग्रे वुल्फ की एक उप-प्रजाति है जो दक्षिण-पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है।
    - यह **छोटे झुंड में रहता है** और अन्य भेड़िया उप-प्रजातियों की तुलना में **कम मुखर** होता है।
    - यह **मुख्यतः रात्रिचर** है, जो शाम से सुबह तक शिकार करता है।
- **प्राकृतिक वास:** यह भारत की **झाड़ियों, घास के मैदानों** और **अर्द्ध-शुष्क कृषि-पारिस्थितिक तंत्र** में एक शीर्ष शिकारी है। गर्म तापमान वाले क्षेत्रों में पनपता है। गर्म तापमान वाले क्षेत्रों में पनपता है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
    - IUCN: **लुप्तप्राय (भारत में संख्या: 2,000 - 3,000)।**
    - CITES**:** परिशिष्ट **I**
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972**:** अनुसूची **I**
- **बांकापुर भेड़िया अभयारण्य:** यह 332 हेक्टेयर में फैला हुआ है और इसमें भेड़ियों के निवास के लिये उपयुक्त झाड़ीदार वन, पहाड़ियाँ और प्राकृतिक गुफाएँ हैं।
    - यह महुआदानर भेड़िया अभयारण्य (वर्ष 1976 में स्थापित, अब झारखंड में) के बाद भारत का दूसरा संरक्षित क्षेत्र है जो पूरी तरह से भेड़ियों के लिये समर्पित है।
    - यह विभिन्न प्रजातियों का आश्रय स्थल है, जिनमें तेंदुए, मोर, काले हिरण, लोमड़ी और खरगोश शामिल हैं।

//

और पढ़ें: [इंडयिन ग्रे वुल्फ](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-grey-wolf)